मल्टी-एज क्लासेज़ (मिलीजुली आयु की कक्षाएँ): अभिभावकों एवं देखभालकर्ताओं के लिए तथ्य पत्रक

मल्टी-एज क्लासेज़ क्या होती हैं?

मल्टी-एज क्लासेज़ में एक से अधिक क्लास-लेवल (कक्षा-स्तर) के छात्र एक साथ शामिल होते हैं। इन कक्षाओं में पाठ्यक्रम के एक स्तर या विभिन्न स्तरों के छात्र शामिल हो सकते हैं।

NSW के पाठ्यक्रम को इन चरणों में व्यवस्थित किया गया है:

प्रारंभिक स्तर 1: किंडरगार्टन

स्तर 1: कक्षा 1 एवं कक्षा 2

स्तर 2: कक्षा 3 एवं कक्षा 4

स्तर 3: कक्षा 5 एवं कक्षा 6

छात्र चाहे एक-आयु या अनेक-आयु वर्ग वाली कक्षा में हों, वे अपनी आयु के अनुसार पाठ्यक्रम के स्तर से ही सीखते हैं। उदाहरण के लिए, कक्षा 1/2 की क्लास में कक्षा 2 का छात्र कक्षा 2 (स्तर 1) के पाठ्यक्रम के अनुसार सीखता है, और ऐसे ही कक्षा 4/5/6 की क्लास में कक्षा 4 का छात्र कक्षा 4 (स्तर 2) के पाठ्यक्रम के अनुसार सीखता है।

मेरे बच्चे के स्कूल में मल्टी-एज क्लासेज़ क्यों हो सकती हैं?

ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में मल्टी-एज क्लासेज़ आम हैं और ये इन कारणों से हो सकती हैं:

- **नामांकन का पैटर्न** – प्रतिवर्ष कक्षा-वर्ग में छात्रों की संख्या बदलती रहती है। मल्टी-एज क्लासेज़ के माध्यम से स्कूलों को संतुलित क्लास साइज़ बनाने में मदद मिलती है।
- **शिक्षा-संबंधी लाभ** – इन क्लासेज़ से मिलने वाले शैक्षिक एवं सामाजिक लाभों के कारण स्कूल इन क्लासेज़ का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- **छोटे स्कूल** – छोटे एवं ग्रामीण स्कूलों में आमतौर पर मल्टी-एज क्लासेज़ होती हैं, क्योंकि ये पूरी कक्षाएँ स्थापित करने में मदद करती हैं।

CC BY

मल्टी-एज क्लासेज़ में छात्रों को कैसे डाला जाता है?

प्रिंसिपल एवं शिक्षक निम्न बातों को ध्यान में रखते हुए क्लास में छात्रों की जगह तय करते हैं:

- छात्रों द्वारा सीखना एवं जुड़ाव महसूस करना।
- स्कूल में छात्रों की विविधता।
- सामर्थ्य, रुचियों एवं शैक्षिक ज़रूरतों के बीच संतुलन।
- सामाजिक कल्याण एवं मित्रता।
- पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से सिखाया जाना।
- कक्षाओं में बदलावों एवं सहायता की व्यवस्था।

छात्रों को सीखने में मदद करने के उद्देश्य से उनके सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें इन क्लास में डाला जाता है। मल्टी-एज क्लास में होने का अर्थ यह कतई **नहीं** है कि छात्र का स्तर पाठ्यक्रम के स्तर की अपेक्षाओं से कम या अधिक है।

मल्टी-एज क्लासेज़ में शिक्षा कैसी होती है?

शिक्षक NSW पाठ्यक्रम के अनुसार शैक्षिक योजना बनाते हैं और छात्रों की ज़रूरतों के अनुरूप पढ़ाने की शैली को समायोजित करते हैं। इसे **भिन्नता (differentiation)** कहा जाता है और इसे हर क्लास में उपयोग किया जाता है क्योंकि सभी छात्र अलग-अलग गति से सीखते हैं।

मल्टी-एज क्लास में, छात्रों को उनके सीखने की प्रगति में मदद करने के उद्देश्य से शिक्षक कई तरह के तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। इनमें ये शामिल हो सकते हैं:

- कुछ गतिविधियों के लिए पूरी क्लास को एक साथ पढ़ाना
- कुछ विशिष्ट शैक्षिक गतिविधियों के लिए छोटे समूहों में काम करना
- छात्रों के समक्ष चुनौती रखने या उनकी सहायता करने के उद्देश्य से उनकी ज़रूरतों के अनुरूप पढ़ाना
- छात्रों के सीखने के अनुसार गतिविधियों, संसाधनों या तरीकों को समायोजित करना।

आपके प्रश्नों के उत्तर

क्या मेरे बच्चे को शिक्षक से कम ध्यान मिलेगा?

किसी छात्र पर कितना ध्यान दिया जाएगा, यह क्लास की संरचना से तय नहीं होता है। शिक्षकों को यह पता होता है कि छात्र सीखने के विभिन्न चरणों पर होते हैं, इसलिए वे उसी हिसाब से अपना पाठ तैयार करते हैं, एक ही आयु वर्ग कक्षा में भी ऐसा ही होता है।

क्या मेरा बच्चा जो काम पहले कर चुका है, वही दोबारा करेगा?

शिक्षक छात्रों की प्रगति पर नज़र रखते हैं और उसी हिसाब से अपना पाठ तैयार करते हैं। छात्र अपने संबंधित पाठ्यक्रम से ही सीखना जारी रखेंगे और उन्हें नई चीज़ें सीखने की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता दी जाएगी।

क्या मेरा बच्चा अभी भी अपने दोस्तों से मिल पाएगा?

क्लास बनाते समय स्कूल छात्रों की मित्रता पर विचार करते हैं। छात्र अपनी ब्रेक (अवकाश) और पूरे-स्कूल की गतिविधियों के दौरान अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर सकते हैं।

क्या मल्टी-एज क्लासेज़ से मेरे बच्चे के पढ़ाने के तरीके पर कोई असर पड़ेगा?

शिक्षक स्पष्ट शिक्षण का उपयोग करते हैं और छात्रों की सीखने की क्षमता, आकलन, सामर्थ्य एवं ज़रूरतों के हिसाब से पढ़ाने का तरीका बदलते रहते हैं। ऐसा हर कक्षा-वर्ग में होता है।

क्या मेरे बच्चे को अपनी क्षमताएँ बढ़ाने या उचित चुनौतियाँ पाने के मौके मिलेंगे?

NSW के हर पब्लिक स्कूल द्वारा विभाग की उच्च क्षमता एवं प्रतिभाशाली शिक्षा नीति (हाई पोटेंशियल एंड गिफ्टेड एजुकेशन पॉलिसी) के तहत उच्च क्षमता या विशिष्ट प्रतिभाशाली छात्रों की मदद की जाती है। शिक्षक छात्रों के सामर्थ्य को पहचानते हैं और उनके अनुसार उचित क्षमताएँ बढ़ाने या विस्तार की योजना बनाते हैं। ऐसा हर कक्षा-वर्ग में होता है। मल्टी-एज क्लास में होने से ये मौके सीमित नहीं होते हैं।

मल्टी-एज क्लास में विकलांग छात्रों की मदद कैसे की जाती है?

विकलांग छात्रों को मल्टी-एज क्लास सहित हर क्लास में शैक्षिक प्रक्रिया में पूरी तरह से भाग लेने में सहायता की जाती है, फिर चाहे यह मेनस्ट्रीम क्लास (सामान्य कक्षा) हो या सपोर्ट क्लास (सहायक कक्षा) हो। शिक्षक प्रत्येक छात्र के सामर्थ्य, ज़रूरतों और लक्ष्यों को समझते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में सहायता करने के लिए पढ़ाने के विविध तरीकों, उचित बदलावों और आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत शिक्षण एवं सहायता योजना का इस्तेमाल करते हैं। इन निर्णयों को, जहाँ उचित हो, छात्रों के साथ, और अभिभावकों, देखभालकर्ताओं और स्कूल के संबंधित स्टाफ़ के साथ मिलकर लिया जाता है। मल्टी-एज क्लास में होने से छात्र की व्यक्तिगत सहायता व्यवस्थाओं में कोई बदलाव नहीं होता है।

शोध (रिसर्च) से क्या पता चलता है?

स्कूल में क्लास के साइज़, संरचना या अन्य संसाधनों की तुलना में, उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षण व्यवस्था छात्र के शिक्षण को बहुत अधिक प्रभावित करती है। शोध से यह पता चलता है कि यदि शिक्षण-योजना सही तरीके से स्थापित की गई है और छात्रों को उचित सहायता प्राप्त होती है तो मल्टी-एज क्लास के छात्र भी एक ही आयु वर्ग कक्षा के छात्रों समान ही शैक्षणिक परिणाम प्राप्त करते हैं। मल्टी-एज क्लासेज़ के माध्यम से छात्रों को विभिन्न आयु वर्ग एवं क्षमताओं वाले साथियों के साथ सहभागिता, सहानुभूति एवं सकरात्मक रिश्ते विकसित करने में भी सहायता मिलती है।

टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा

यदि आप इस बारे में और अधिक जानकारी चाहते/ती हैं, तो कृपया स्कूल के प्रिंसिपल को फ़ोन करें। यदि आपको अपनी पूछताछ में सहायता के लिए दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें और अपनी भाषा के लिए दुभाषिए की माँग करें। जिस फ़ोन नंबर पर आप कॉल करना चाहते/ती हैं, वह ऑपरेटर को बताएँ और ऑपरेटर बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए किसी दुभाषिए को लाइन पर जोड़ेगा। आपसे इस सेवा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।